**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1596**
**गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## उड़ान-3.0 योजना का विस्तार

**1596. श्री जगदीश शट्टरः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

क्या सरकार उड़ान-3.0 योजना को आगे और अधिक अवधि के लिए बढ़ाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के अंतर्गत, उड़ान 3.0 सहित योजना के प्रत्येक चरण के लिए आरसीएस उड़ान परिचालन प्रारंभ होने की तिथि से तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए मार्ग आवंटित किए जाते हैं।

सरकार ने अगले 10 वर्षों के लिए आशोधित उड़ान योजना शुरू करने की घोषणा की है।

******